छह साल पहले 321 यूनिट रक्त किया था एकत्र, शनिवार को 510 यूनिट रक्तदान

बना डाला रक्तदान का नया रिकार्ड

भास्कर न्यूज़ | अम्बाला सिटी

छह साल पहले 321 यूनिट रक्त एकत्रित करने के रिकार्ड को ध्वस्त करते हुए शनिवार को पंचायत भवन में लगे रक्तदान शिविर ने 510 यूनिट रक्त एकत्रित करने का नया रिकार्ड बना है।

सुबह तो शिविर में युवाओं का ऐसा सैलाब उमड़ा कि रक्त लेने वाली टीमों को भी ऐसा आभास नहीं था कि इस कद्र लोग रक्तदान करने के लिए उमड़ेंगे। युवतियों में भी रक्तदान करने के लिए उत्साह देखने को मिला लेकिन 200 युवतियों को इसलिए डाक्टरों की टीम ने वापस लौटा दिया क्योंकि उनमें हीमोग्लोबिन की मात्रा काफी कम थी। यह कैंप अम्बाला हेल्थ केयर एंड वेलफेयर सोसायटी ने जिला रेडक्रास सोसाइटी के सौजन्य से स्व. केदार नाथ शर्मा की पुण्यतिथि पर लगाया था।

कैंप का उद्घाटन विधायक विनोद शर्मा ने किया। शर्मा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। केवल मानव का रक्त ही मानव के काम आता है। रक्तदान को कौमी एकता की सच्ची मिसाल देते हुए उन्होंने कहा कि रक्त बिना किसी जाति, धर्म, लिंग, भेद के दूसरे व्यक्ति को लिया व दिया जा सकता है। सोसाइटी की अध्यक्ष शक्ति रानी शर्मा, डीसी शेखर विद्यार्थी ने रक्तदान करने वाले सभी युवाओं को बैज लगाकर उनका उत्साह बढ़ाया।

विकलांग भी पहुंचा रक्तदान करने : युवाओं में रक्तदान का उत्साह इस कद्र छाया हुआ था कि जग्गी कालोनी का 30 वर्षीय विकलांग मनप्रीत भी पंचायत भवन में रक्तदान करने के लिए पहुंचा। उसने अपना नाम रजिस्ट्रेशन कराया तथा वह हाथ के बल चलता हुआ रक्तदान के स्थान पर पहुंचा। उसने रक्तदान किया। मनप्रीत ने कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ा महादान है। वह पहले भी दो बार रक्तदान कर चुका है।

अम्बाला सिटी के पंचायत भवन शनिवार को लगाए गए शिविर में रक्तदान करते लोग।

इन्हें किया गया सम्मानित

सोसाइटी के एसडी गौतम ने बताया कि इस अवसर पर ब्लड डोनर राजेंद्र गर्ग को विनोद शर्मा ने स्मृति चिन्ह तथा शॉल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा एसए जैन कालेज के प्रिंसिपल प्रदीप स्नेही, एसडी कालेज के प्रिंसिपल डा. देशबंधु, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के प्राध्यापक मदन कुमार गर्ग, डाक विभाग के कर्मचारी सुरेंद्र दुबे, कांग्रेसी अजय सैनी, तरुण चुघ, हरियाणा के अतिरिक्त महाधिवक्ता अजय जैन, रक्त दान करने वाले एक ही परिवार के 18 सदस्यों के प्रमुख रविंद्र आनंद, गुरु गोरखनाथ बहुतकनीकी संस्थान की प्राध्यापिका पूजा शर्मा को सम्मानित किया गया। शिविर में रक्त एकत्रित करने का कार्य सिविल अस्पताल सिटी के ब्लड बैंक अधिकारी वीरेंद्र भारती, डा. राजेंद्र राय, डा. सीमा, कुरुक्षेत्र से डा. मनजीत, यमुनानगर से डा. निशा व उनकी टीम ने किया।

सिटी के पंचायत भवन में रक्तदान शिविर युवाओं को ब्लड प्रेशर चेक करते डाक्टर।

... रुपए लीटर
... में इसे सर्वाधिक 97 फीसदी आय तेल से ही होता है।
में भी केंद्र सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर भारी टैक्स
... सरकार ये टैक्स हटा दे तो हमारे देश में ...